अनुस्मारक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक/प्रधानाचार्य,
निजी क्षेत्र की समस्त पालीटेक्निक संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/कम्प्यू0/2023/ 6015 **लखनऊःदिनांक–** 02/12/2023

विषयः–आधार अथेनटिकेशन एवं फैमिली आई0डी0 निर्माण के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि दिनांक 31–10–2023 को प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में आहूत बैठक में प्रमुख सचिव महोदय द्वारा संस्था में अध्ययनरत् समस्त छात्र/छात्राओं का आधार अथेनटिकेशन एवं फैमिली आई0डी0 का निर्माण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के दृष्टिगत परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/कम्प्यू0/2023/5296 दिनांक 01–11–2023 द्वारा परिषद से सम्बद्ध समस्त संस्थानों को निर्देशित किया गया था कि परिषद के वेबपोर्टल www.bteup.ac.in पर student login पर दिये गये लिंक के माध्यम से संस्थान में अध्ययनरत् समस्त छात्र/छात्राओं का आधार अथेनटिकेशन एवं फैमिली आई0डी0 का निर्माण प्रत्येक दशा में दिनांक 09–11–2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने का कष्ट करें।

सूच्य है कि **प्रमुख सचिव महोदय द्वारा व्यक्तिगत रूप से इसका अनुश्रवण (मॉनिटरिंग) किया जा रहा है। उक्त कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता में सम्मिलित है।** 08 दिसम्बर 2023 को ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से शासन स्तर पर इसकी समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

उपरोक्त के दृष्टिगत आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं का आधार अथेन्टिकेशन एवं फैमिली आई0डी0 निर्माण का कार्य **दिनांक 05–12–2023** तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। **उपरोक्त कार्य महत्वपूर्ण है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सूच्य है कि जिन छात्र/छात्राओं का आधार अथेन्टिकेशन एवं फैमिली निर्माण का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है, उनकी सूची संस्था लॉगिन पर उपलब्ध है।**

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/कम्प्यू0/2023/6016–19 **तद्दिनांक–** 02/12/2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को प्रमुख सचिव/अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त संस्था, प्रधानाचार्य एवं नोडल प्रधानाचार्य को अपने स्तर से उपरोक्तानुसार निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. नोडल अधिकारी, राजकीय/अनुदानित संस्थान।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव